Reg. No. : ......................................

Name : ...........................................

**SAY-705**

**SAY / IMPROVEMENT EXAMINATION, JULY – 2022**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

## PART – I

**अ. 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न का 1 स्कोर । (4 × 1 = 4)**

1. 'सपने का भी हक नहीं है' के रचयिता कौन हैं ?

   (मैथिलीशरण गुप्त, डॉ. जे. बाबू, ओ.एन.वी. कुरूप)

2. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' किस विधा की रचना है ?

   (जवाबी पत्र, कविता, कहानी)

3. मातृभूमि का मुकुट क्या है ?

   (रत्नाकर, सूर्य-चंद्र, तारे)

4. 'माँ ! मुरकी का ब्याह कब हुआ था ?' यह किसका कथन है ?

5. हिमांशु जोशी सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन के लिए कहाँ गये ?

6. "मैं ज़मीन नहीं बेचता

बेचता हूँ हृदय" – ज़मीन की तुलना किससे की गई है ?

**आ. 7 से 10 तक के प्रश्नों में से सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न का 1 स्कोर । (4 × 1 = 4)**

7. पुराने देवालय के पास क्या है ?

(कुमुद सरोवर, दफ्तर, अस्पताल)

8. कुली किसके पास आकर खड़ा हो गया ?

(लड़के के पास, अध्यापक के पास, कवि के पास)

9. गुलमोहर खिलते वक्त लेखिका को किसकी याद आती है ?

(पिता की, भटके हुए पीर की, कुली की)

10. किसका अंतिम क्षण आ पहुँचा था ?

(कवि अनंगजी का, पत्नी का, पुत्र का)

## PART – II

**अ. 11 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 2 स्कोर । (3 × 2 = 6)**

11. 'दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे, ....... मैं भी उनको रोता हूँ । मैं तो जिंदा बैठा हूँ ।' – बादशाह इस प्रकार क्यों कहते हैं ?

12. सूरीनाम और भारत के बीच प्रगाढ़ आत्मीय संबंध है । दोनों देश अनेक अर्थों में एक दूसरे से गहरे जुड़े हैं । सूरीनाम और भारत के बीच का संबंध कैसा है ?

13. “क्या ज़मीन एक स्लेट का नाम है जिस पर हमारे बचपन की कविता लिखी है ? या शायद एक फूल का नाम जिसके रंग में हमारे रक्त की चमक है ?” लेखक के इस कथन का तात्पर्य क्या है ?

14. “ये दोस्ती.........

हम नहीं तोड़ेंगे

तोड़ेंगे दम मगर

तेरा साथ ना छोड़ेंगे” – ज़िंदगी में दोस्ती का महत्त्व क्या है ?

15. “मैंने जिस दिन इसको यह कोठरी दी थी, इसके साथ वायदा किया था कि मैं अपने जीते-जी इसको कभी काम से जवाब नहीं दूँगी ।” माँ ने मुरकी से क्या वादा किया था ?

**आ. 16 से 18 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 2 स्कोर ।** **(2 × 2 = 4)**

16. सही मिलान करें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य | • | वह भटका हुआ पीर |
| (ख) | कुली पुकारना | • | कुमुद फूल बेचनेवाली लड़की |
| | | • | आदमी का चेहरा |

17. पात्र से संबंधित सही प्रस्ताव चुनें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | स्कूटरवाला | • | घंटे भर कविता पाठ |
| (ख) | अनंग | • | नंबर से पहचाना |
| | | • | यात्रियों को पानी पिलाना |

18. मेरी ओर बढ़ाते फूल और

उसके मुखड़े दोनों को देखा मैंने

हाय ! मुरझा रहे

दो सुरम्य सुकोमल रूप !

यहाँ कौन–कौन मुरझा रहे हैं ?

## PART – III

**अ. 19 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 4 स्कोर ।** **(3 × 4 = 12)**

19. ये कथन पढ़ें और बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

– "कितने बच्चे यतीम हो गए, कितनी औरतें बेवा हो गईं ।"

– "अब हँसे या रोएँ, कोई फायदा नहीं ।"

20. जीवन–वृत्त पढ़ें और अमृता प्रीतम के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

**जीवन–वृत्त**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | अमृता प्रीतम |
| जन्म | : | 31 अगस्त, 1919 |
| जन्मस्थान | : | गुजरांवाला, पंजाब |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कहानियों के आँगन में, कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं हैं |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ |
| मृत्यु | : | 2005 |

21. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्रवन

चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।

कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।

स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल को दरनि दरीं ।।

सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।

'सूरदास' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

22. यहाँ दो विदाइयाँ हो रही हैं – बेटी की और ज़मीन की । दोनों विदाइयों पर पिता दुःखी है । इसके आधार पर पिता और बच्चों के बीच के संबंध पर एक टिप्पणी लिखें ।

23. "मगर नींद के

खुलने के पूर्व ही नोटीस

बैंक की आ धमकी सपने में ।" कवितांश का तात्पर्य क्या है ?

**आ. 24 से 25 तक के प्रश्नों में से किसी 1 का उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 4 स्कोर ।** **$(1 \times 4 = 4)$**

24. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

Water is the basic need of every day life. It is one of the most important natural resources. We use water for so many purposes. Without water life would be impossible in the universe.

basic need – बुनियादी ज़रूरत

natural resource – प्राकृतिक संसाधन

purpose – उद्देश्य

impossible – असंभव

universe – ब्रह्मांड

25. हाइकू पढ़ें और आशय लिखें ।

| |
|---|
| धन्य है वर्षा<br>खेतों में कविताएँ<br>बोते किसान |

## PART – IV

**अ. 26 से 29 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 6 स्कोर ।** **($3 \times 6 = 18$)**

26. विश्व हिंदी सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के बाद लेखक की बातें किसी दोस्त के साथ होती हैं । वह वार्तालाप लिखें ।
    - राष्ट्रपति का भाषण
    - सम्मेलन का अनुभव
    - हिंदी का प्रचार–प्रसार

27. कितनों के बाप, कितनों के बेटे, कितनों के भाई फाँसियों पर चढ़ गए......। बहादुर शाह ज़फ़र रंगून में कैद में रहकर अपनी आत्मकथा लिख रहे हैं । संकेतों के आधार पर बहादुर शाह ज़फ़र का आत्मकथांश लिखें ।
    - जनता की बुरी हालत
    - अंग्रेज़ों की निर्दयता
    - हज़ारों की कुर्बानी

28. आपके स्कूल में 8 मार्च को महिला दिवस का आयोजन हो रहा है । स्कूल के प्राचार्य (Principal) समारोह का उद्घाटन करेंगे । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

29. गद्यांश पढ़ें और संक्षेपण करें ।

    आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है । आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, वह महज़ एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का । इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियाँ हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं ।

**आ. 30 से 32 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 6 स्कोर ।** **(2 × 6 = 12)**

30. सही मिलान करें

| | | |
|---|---|---|
| Average | – | प्रतिमान |
| Cess | – | टीकाकरण |
| Pattern | – | सर्वाधिकार |
| Vaccination | – | औसत |
| Copy right | – | प्रतिशत |
| Percent | – | उपकर |

31. जी.आर.एफ. कंपनी की ओर से बाज़ार में इलेक्ट्रिक रिक्शा (Electric Rikshaw) आनेवाला है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।

- ज्यादा माइलेज (Mileage)
- बढ़िया इंजन क्षमता
- कम दाम

32. संकेतों के आधार पर 'मज़दूरी का महत्त्व' विषय पर लेख लिखें ।

- तन तोड़ मेहनत
- विभिन्न प्रकार के मज़दूर जैसे सफाई करनेवाला, कुली आदि ।
- राष्ट्र के विकास में मज़दूरों का योगदान

## PART – V

**33 से 35 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 8 स्कोर ।** **(2 × 8 = 16)**

33. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें ।

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।
बस तेरे ही सुरस–सार से सनी हुई है ।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।
हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी ।।

34. हिंदी के प्रति सूरीनामी लोगों के प्रेम और लगाव देखकर लेखक बहुत प्रसन्न हुए । अपने अनुभवों को वे अपनी डायरी में लिख रहे हैं । वह डायरी लिखें ।

- सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन
- हिंदी भाषा का महत्त्व
- हिंदी के प्रचार में फिल्मों तथा संगीत का योगदान
- हिंदी के प्रति प्रेम

35. दीदी की शादी के लिए ज़मीन बेचनी पड़ती है । पिताजी की विवशता देखकर लेखक दुःखी हुए । पिताजी की विवशता के बारे में लेखक अपने मित्र को पत्र लिखते हैं । वह पत्र तैयार करें ।

- ज़मीन से पिताजी का प्यार
- ज़मीन की बिक्री
- बढ़ती दहेज प्रथा
- परिवार वालों से प्यार

---